भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली 20 अगस्त, 2024

**विषयः मंत्रिमंडल के लिए जुलाई, 2024 माह में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर सारांश (संख्या-7)।**

जुलाई, 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/कार्यक्रम नीचे दिए गए हैः-

1. **वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेंमेंट समिट (वेव्स) 2024**

1.1 **भारतीय फिल्म उद्योग को सशक्त बनाने के लिए वर्ल्ड ऑडियो-विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिटः** 13 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित एक कर्टन रेजर कार्यक्रम में, यह घोषणा की गई कि भारत 20 से 24 नवंबर, 2024 तक गोवा में वर्ल्ड ऑडियो-विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (डब्ल्यूएवीइएस) की मेजबानी करेगा, जो दुनिया भर के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन है। यह घोषणा माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा गोवा के माननीय मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत और माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के साथ 30 देशों के राजदूत और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई।

1.2 **वेबसाइट और ब्रोशर का शुभारंभः** माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ वेव्स 2024 (https://wavesindia.org/) की वेबसाइट लॉन्च की और समिट के ब्रोशर का अनावरण किया। कार्यक्रम के बाद सीईओ गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के 60 प्रमुख मीडिया संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

1.3 **सोशल मीडिया प्रवर्धनः** न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने वीडियो बाइट्स, फोटो, ग्राफिक्स और लाइव कवरेज के माध्यम से सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक पंहुच बनाई, जिसे हैशटैग **#WAVES, #WAVESummitIndia** & **#WAVeSCurtainRaiser** का उपयोग करके साझा किया गया, जिसने कुल 8.3+ मिलियन व्यूज/इंप्रेशन प्राप्त किए।

2. **पहलें और उपलब्धियां**

2.1 **मिजोरम को सशक्त बनाने के लिए 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन का शुभारंभः** माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री (आईएंडबी), श्री अश्विनी वैष्णव ने 25 जुलाई, 2024 को माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और मिजोरम के माननीय मुख्यमंत्री श्री लालदुहोमा की उपस्थिति में ऑनलाइन मोड के माध्यम से मिजोरम के पहले और भारत के 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया। आइजोल में भारतीय जनसंचार संस्थान के `**अपना रेडियो 90.0 एफएम**` का उद्देश्य नागरिक केंद्रित विषयों पर स्थानीय आवाज को

बढ़ाना है। माननीय मंत्री ने उसी दिन चार श्रेणियों में **10वें राष्ट्रीय समुदायिक रेडियो पुरस्कारों के विजेताओं** की घोषणा भी की और प्रत्येक श्रेणी में तीन पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) के बीच नवाचार और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

2.2 **भारत के माननीय राष्ट्रपति और राष्ट्रपति भवन पर पुस्तकों का विमोचनः** माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान ने माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री (आईएंडबी), डॉ. एल. मुरुगन के साथ 18 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में प्रकाशन विभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित चार उल्लेखनीय पुस्तकों का विमोचन कियाः

क) **विंग्स टू अवर होप्स - खंड 1** (अंग्रेजी और हिंदी) जिसमें माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के प्रथम वर्ष में विभिन्न अवसरों पर दिए गए भाषण शामिल हैं।

ख) **राष्टपति भवनः विरासत का वर्तमान से मिलन,** जो राष्ट्रपति भवन, इसके इतिहास, विरासत और वास्तुकला की भव्यता का गहन अन्वेषण है, और

ग) **कहानी राष्ट्रपति भवन की** में बच्चों के लिए राष्ट्रपति और राष्ट्रपति भवन से संबंधित जानकारी है।

2.3 **अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में एफटीआईआई फिल्मों द्वारा जीते गए पुरस्कारः** भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की फिल्मों ने जॉर्जिया के टिबिलिसी अंतर्राष्ट्रीय छात्र फिल्म समारोह में छात्र जूरी पुरस्कार जीता; तथा केरल के 16वें अंतर्राष्ट्रीय और लघु फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ लघु कथा और जूरी पुरस्कार जीता।

2.4 **एसआरसीसी से दिव्यांग बच्चों की यात्रा की सुविधाः** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम- भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय (एनएफडीसी-एनएमआईसी) द्वारा 24 जुलाई, 2024 को **दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास सोसायटी (एसआरसीसी)** के 13 दिव्यांग बच्चों के एक समूह के लिए एक गाइडेड टूर आयोजित किया गया। इन बच्चों को विभिन्न विषयों पर एक कार्यशाला सहित कई कार्यकलापों में शामिल किया गया तथा इसका उद्देश्य प्रतिभागियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक समावेशी और समृद्ध अनुभव प्रदान करना था।

2.5 **क्षेत्रीय समाचारों के लिए समर्पित कार्यक्रम `भारत@7`:** डीडी न्यूज ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की महत्वपूर्ण घटनाओं और कहानियों को कवर करने के लिए वीकडेज़ में शाम 7 बजे एक नया विशेष कार्यक्रम भारत@7 शुरू किया, जिससे इसने क्षेत्रीय समाचार सामग्री के लिए समर्पित मंच प्रदान किया।

3. **सरकार के विशेष आयोजनों/पहलों का कवरेज**

3.1 **केंद्रीय बजट 2024-25**

3.1.1 **आउटरीच पहलें:** प्रसार भारती द्वारा बजट की घोषणा के दिन लाइव कवरेज, स्पष्टीकरण, बाइट्स और राजनेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और जनता की प्रतिक्रियाओं के माध्यम से बजट का व्यापक कवरेज किया। **माननीय वित्त मंत्री के साथ एक विशेष साक्षात्कार** पूरे डीडी नेटवर्क पर

प्रसारित किया गया और वित्त मंत्रालय के सचिवों के साथ विशेष चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीडी न्यूज पर **'बजट 2024: तीसरी आर्थिक महाशक्ति की ओर'** शीर्षक से एक समर्पित श्रृंखला प्रसारित किया गया, जिसमें बजट और आर्थिक सर्वेक्षण के सभी पहलुओं को शामिल किया गया, जिसका फोकस भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने पर रहा। आकाशवाणी के बाह्य सेवा प्रभाग ने भी 'केंद्रीय बजट 2024-25: समानता के साथ विकास' पर चर्चा/ कमेंटरीज़ प्रसारित कीं।

3.1.2 **सोशल मीडिया कवरेज:** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने लाइव प्रसारण आयोजित किए, जिसमें इन्फोग्राफिक्स और ट्वीट्स भी शामिल थे। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने 23 से 31 जुलाई, 2024 तक सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इन्फोग्राफिक्स, व्याख्यात्मक वीडियो, वीडियो बाइट्स, रील्स, लाइव कवरेज आदि के माध्यम से व्यापक पहुंच बनाई, जिसे हैशटैग **#UnionBudget2024**, **#Budget2024** और **#ViksitBharatBudget** का उपयोग करके साझा किया गया, जिससे कुल **82.5 मिलियन** से अधिक इंप्रेशन/व्यू प्राप्त हुए।

## 3.2 पेरिस ओलंपिक

3.2.1 **आउटरीच पहलें:** डीडी न्यूज़ और इसकी क्षेत्रीय समाचार युनिटों (आरएनयू) ने हिंदी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में लाइव कवरेज, समाचार बुलेटिन, विशेष शो, साक्षात्कार, पैकेज, कहानियों और ग्राउंड रिपोर्ट के माध्यम से पेरिस ओलंपिक 2024 के समारोह को व्यापक कवरेज प्रदान किया। विशेष दैनिक कार्यक्रम डीडी न्यूज पर **'चीयर4भारत@पेरिस ओलंपिक'** और डीडी इंडिया पर **'चीयर4भारत'** 25 जुलाई, 2024 तक प्रसारित किए गए। डीडी न्यूज पर एक विशेष शो **'भारत के चैंपियन @ पेरिस ओलंपिक 2024'** में भारतीय दल के प्रदर्शन के सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए दिखाया जा रहा है। आकाशवाणी की बाह्य सेवाएँ भी 'पेरिस ओलंपिक खेल 2024' पर चर्चा/ टिप्पणियाँ प्रसारित करती हैं।

3.2.2 **सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार:** पीआईबी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके, सोशल मीडिया और इन्फोग्राफिक्स के माध्यम से पेरिस ओलंपिक को कवर किया। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्लू) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर वीडियो बाइट्स, ग्राफिक्स और हैशटैग **#ParisOlympics** और **#Cheer4Bharat** का उपयोग करके व्यापक प्रचार-प्रसार किया, जिससे कुल **68.8 मिलियन** से अधिक इंप्रेशन/ व्यू प्राप्त हुए।

## 3.3 नये आपराधिक कानून (एनसीएल)

3.3.1 **आउटरीच पहलें:** तीन नए आपराधिक कानूनों (एनसीएल) की अधिसूचना के अवसर पर 1 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में माननीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए व्यापक मीडिया कवरेज सुनिश्चित की गई। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की, सोशल मीडिया अभियान चलाया और तीन नए आपराधिक कानूनों

(एनसीएल) के बारे में लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए क्षेत्रीय और ब्लॉक स्तर पर वार्ता आयोजित की।

3.3.2 **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस):** न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस) के जुलाई 2024 के पाक्षिक संस्करणों में ***"नए भारत के नए कानून"*** *और "कर सुधारों का एक दशक, आयकर पर विशेष कहानी"* जैसे विषय शामिल थे। 13 भाषाओं में प्रकाशित, एनआईएस को केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा देश भर में मुद्रित और वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त, सीबीसी के क्षेत्रीय और फील्ड कार्यालयों ने महीने के दौरान इस विषय पर **13 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी)** और **03 फील्ड कार्यक्रम** आयोजित किए।

3.3.3 **सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार:** न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने हैशटैग **#NewCriminalLaws**, **#BNSS** और **#BSA** का उपयोग करते हुए इन्फोग्राफिक्स, व्याख्यात्मक वीडियो आदि के माध्यम से सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लोकसंपर्क बढ़ाया।

3.4 **'कारगिल विजय दिवस' की रजत जयंती**

3.4.1 25वें '*कारगिल विजय दिवस'* के अवसर पर, **कारगिल विजय दिवस : रजत जयंती"** शीर्षक से छह दिवसीय **फोटो प्रदर्शनी** का उद्घाटन 26 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों और अन्य आगंतुकों की उपस्थिति में किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के क्षेत्रीय और फील्ड कार्यालयों ने महीने के दौरान इस विषय पर **40 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी), 38 प्रदर्शनियां, 01 रेडियो वार्ता** और **10 फील्ड कार्यक्रमों** के अलावा सेमिनार, समूह चर्चा, विशेषज्ञ व्याख्यान, रैलियां, पेंटिंग, क्विज़, निबंध लेखन, रंगोली और चित्रकारी प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यकलापों का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, एनएफडीसी-एनएमआईसी ने दिनांक 27.07.2024 को *'एलओसी: कारगिल'* भी प्रदर्शित किया।

4. **सामग्री विनियमन और लाइसेंसिंग**

4.1 **भारत में विज्ञापनदाताओं पर उच्चतम न्यायालय के निर्देश:**
क) उच्चतम न्यायालय के दिनांक 7 मई, 2024 के निर्देशों के अनुपालन में, विज्ञापनदाताओं और विज्ञापन एजेंसियों को अब एक निर्दिष्ट पोर्टल पर एक **स्व-घोषणा प्रस्तुत** करनी होगी, जिसमें यह प्रमाणित करना होगा कि उनके विज्ञापन मुद्रित, प्रसारित या प्रदर्शित होने से पहले सीटीएन नियम 1994 के तहत विज्ञापन संहिता का अनुपालन करते हैं। जून 2024 से पहले की एडवाइजरी को अधिक्रमित करते हुए, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा **3 जुलाई, 2024 को एक नई एडवाइजरी** जारी की गई, जिसमें विज्ञापनदाताओं/ एजेंसियों को ब्राडकास्ट सेवा पोर्टल और भारतीय प्रेस परिषद के पोर्टल पर 'खाद्य और स्वास्थ्य क्षेत्र' से उत्पादों और सेवाओं से संबंधित वार्षिक स्व-घोषणा प्रमाणपत्र अपलोड करने की सलाह दी गई है, जिससे ऐसे विज्ञापन जारी करने से पहले मीडिया हितधारकों को प्रमाण मिल सके।

ख) माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 09.07.2024 के आदेश के अनुसरण में, स्व-घोषणा प्रमाण पत्र से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए दिनांक 19.07.2024 को एक और हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई।

4.2 **फर्जी खबरों और हानिकारक सामग्री से निपटने के लिए यूट्यूब प्रतिनिधि के साथ बैठक:** दिनांक 30.07.2024 को सचिव, सूचना और प्रसारण और सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी (एमईआईटीवाई) की सह-अध्यक्षता में यूट्यूब के वैश्विक प्रतिनिधियों के साथ फर्जी खबरों, अवैध और हानिकारक सामग्री की सक्रिय रूप से पहचान करने के लिए एआई के उपयोग आदि जैसे विभिन्न मुद्दों पर एक बैठक हुई।

4.3 **आईटी अधिनियम की धारा 69क के तहत ब्लॉक करना:** मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 के साथ पठित आईटी अधिनियम, 2000 के उपबंधों के तहत 5 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।

4.4 **पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट:** पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **29 फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया और 38 ट्वीट पोस्ट किए**, जिससे **657.4 हजार** इम्प्रेशन अर्जित हुए।

4.5 **चैनल लाइसेंसिंग:** महीने के दौरान, मंत्रालय ने दो नए चैनलों के लिए अनुमति प्रदान की और एक चैनल के सरेंडर/रद्दीकरण के अनुरोध को स्वीकार किया। 31 जुलाई, 2024 तक, भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए अधिकृत **प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की** कुल **संख्या 911** है।

4.6 **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने माह के दौरान सीआरएस के लिए **तेरह** नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) जारी किए, जबकि सात जीओपीए का नवीनीकरण किया।

5. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर पहलें**

5.1 **भारत में वॉयस-ओवर आर्टिस्टों के लिए एक कौशल उन्नयन कार्यक्रम 'द वॉयसबॉक्स' का शुभारंभ :** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), सूचना और प्रसारण मंत्रालय और नेटफ्लिक्स इंडिया के बीच 18 जुलाई, 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत भारत में वॉयस-ओवर आर्टिस्टों के लिए "द वॉयसबॉक्स" नामक एक कौशल उन्नयन कार्यक्रम को संयुक्त रूप से लॉन्च किया। नेटफ्लिक्स फंड फॉर क्रिएटिव इक्विटी द्वारा प्रायोजित 'वॉयसबॉक्स' कार्यक्रम, प्रशिक्षण पार्टनर पर्ल अकादमी द्वारा आयोजित कार्यशालाओं के माध्यम से भारत के सात शहरों में वॉयस-ओवर आर्टिस्टों के लिए पूर्व शिक्षण की मान्यता (आरपीएल) प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

5.2 **फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ):** इस माह के दौरान, एफएफओ ने 8 अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय से अनुमति प्राप्त की तथा 4 इनसेंटिव आवेदनों पर कार्रवाई की। एफएफओ ने अपनी सेवाओं तथा विदेशी निर्माण और आधिकारिक सह-निर्माण के लिए मंत्रालय की प्रोत्साहन स्कीम को बढ़ावा देने के लिए मलेशियाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भी भाग लिया।

6. **अन्य महत्वपूर्ण कार्यकलाप**

6.1 ***मन की बात* बुकलेट:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रधानमंत्री के मन की बात बुकलेट का जून, 2024 का संस्करण तैयार किया जिसमें कवर स्टोरी के रूप में **'लोकतंत्र महापर्व'** को शामिल किया गया है। इसमें माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विशेष उल्लेख के साथ कहानियां और प्रशंसापत्र के साथ ही मीडिया की प्रतिक्रियाएं शामिल हैं, इसका ई-संस्करण ई-संपर्क के माध्यम से 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्राप्त हुआ और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, माईगव, पीएम इंडिया आदि की वेबसाइटों पर देखा जा सकता है। मुद्रित प्रतियां सभी माननीय सांसदों और विधायकों, भारत सरकार और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की गई।

6.2 **अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करना:** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने 1 से 6 जुलाई, 2024 तक **'इंडोनेशिया और एनएफडीसी फिल्म समारोह'** का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। समारोह का समापन 7 जुलाई, 2024 को एनएमआईसी ऑडिटोरियम में इंडोनेशिया के वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें महाकाव्य रामायण पर आधारित पारंपरिक इंडोनेशियाई केकक नृत्य का प्रदर्शन किया गया।[1]

6.3 **क्रॉनिकल्स ऑफ टाइमलेस ट्रेजर्स की पहली वर्षगांठ:** भारतीय राष्ट्रीय सिनेमा संग्रहालय (एनएमआईसी) के टाईमलेस ट्रेजर के इतिहास की पहली वर्षगांठ के अवसर पर, क्लासिक फिल्म 'प्यासा' 13 जुलाई, 2024 को प्रदर्शित की गई।

6.4 **प्रेमचंद की जयंती :** हिंदी साहित्य के महानतम साहित्यकारों में से एक प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने उनके व्यक्तित्व और रचनात्मकता को दर्शाते लेखों के साथ आजकल (हिंदी और उर्दू संस्करण) जुलाई 2024 अंक प्रकाशित किया। आजकल (उर्दू) जुलाई 2024 अंक में प्रेमचंद पर दो लेख भी शामिल किए गए।

7. **मीडिया यूनिटों द्वारा मीडिया कवरेज का सार**

7.1 **प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय द्वारा लाइव कवरेज और प्रचार:** प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय ने **भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों** का लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार किया, जिसमें भारत के माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। ***संपूर्णता अभियान***, **नए आपराधिक कानून**, वीरता पुरस्कारों की प्रस्तुति, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करना, **25वें कारगिल विजय दिवस** पर शहीदों को श्रद्धांजलि, 25 जून को ***संविधान हत्या दिवस*** के रूप में घोषित करना, **विश्व धरोहर समिति का 46वां सत्र**, **माईगव प्लेटफॉर्म के 10 वर्ष** पूरे होने, **ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन 2024**, 102वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस, नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक और **मन की बात** के 112वें एपिसोड के संबोधन के लिए भी मीडिया कवरेज सुनिश्चित की गई।

7.2 **प्रेस विज्ञप्तियां और प्रकाशन:** पत्र सूचना कार्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **9,122** प्रेस विज्ञप्तियां जारी कीं। भारत सरकार की पहलों के बारे

में जानकारी प्रसारित करने के लिए, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लिखे गए लेख 'वेंकैया गरु - भारत की सेवा में जीवन' सहित **पांच महत्वपूर्ण लेख** प्रकाशित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप देश भर में लगभग **586** क्लिपिंग प्रकाशित हुईं। इसके अतिरिक्त, माह के दौरान पीआईबी की अनुसंधान यूनिट द्वारा बजट श्रृंखला और पेरिस ओलंपिक श्रृंखला पर महत्वपूर्ण व्याख्याएं प्रकाशित की गई।

7.3 **सोशल मीडिया कवरेज:** मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **218 अद्वितीय ग्राफिक्स, वीडियो, रील, चित्र, पोस्ट, ट्वीट** और अन्य सामग्री प्रसारित करके विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया। इन प्रयासों का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर व्यापक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देते हुए प्रमुख पहलों और घटनाओं के बारे में जनता को जोड़ना और सूचित करना था। उल्लेखनीय अभियानों में **केंद्रीय बजट, नए आपराधिक कानून, वेव्स, पेरिस ओलंपिक**, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, एमआईबीईपॉजिटिव, एमआईबी पॉडकास्ट और वीकनामा शामिल थे, जिन्हें इन्फोग्राफिक्स, रील, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया।

सी. सेंथिल राजन

(सी. सेंथिल राजन)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23382597